## सार-समाचार

### जिले के 25 केंद्रों पर 25 मार्च से सरसों व चने की सरकारी खरीद शुरू होगी

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। रबी सीजन 2025-26 के तहत दलहन और तिलहन (सरसों व चना) की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में कुल 25 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ 25 मार्च से तुलाई शुरू होगी। इसके लिए किसानों के ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो चुकी है। सरकार ने इस बार चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5875 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। किसान एक जनआधार कार्ड पर अधिकतम 40 क्विंटल जिन्स (सरसों और चना अलग-अलग) बेच सकेंगे। जनआधार से होगा पंजीयन, सीधा किसान के बैंक खाते में होगा भुगतान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए पंजीयन जनआधार कार्ड और गिरदावरी के आधार पर किया जा रहा है। पंजीयन के लिए जनआधार ओटीपी अनिवार्य होगा। भुगतान भारत सरकार की पीएसएस गाइडलाइन के अनुसार सीधे किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। यदि किसान बटाईदार है, तो उसे तुलाई के समय मूल अनुबंध पत्र जमा करवाना होगा। विभाग ने सभी 25 केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए बैनर और सूचना पट्ट लगवाए हैं। किसी भी तकनीकी समस्या या शिकायत के समाधान के लिए राजफेड ने राज्य स्तरीय हेल्प डेस्क नंबर 1800-180-6001 जारी किया है, जहां किसान संपर्क कर सकते हैं। सहकारी समितियां उप रजिस्ट्रार अमीलाल सहारण ने बताया कि किसान अब क्यूआर कोड स्कैन करके खुद ही या ई-मित्र के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इससे प्रक्रिया काफी आसान हो गई है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि केंद्र पर फसल लाने से पहले उसे अच्छी तरह सुखा लें और गुणवत्ता मानकों का ध्यान रखें, ताकि खरीद में कोई समस्या न आए।

### अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी

**पाटन** (निसं)। पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर नीमकाथाना के छावनी में विधायक सुरेश मोदी की ओर से मुस्लिम समाज के लिए भव्य रोज़ा इफ्तार दावत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इफ्तार के समय सभी ने एक साथ रोज़ा खोलते हुए क्षेत्र में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करने का संदेश दिया। विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना प्रेम, भाईचारे, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और एकता को बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और समाजों के लोगों को मिलजुल कर रहना चाहिए, तभी समाज और प्रदेश की प्रगति संभव है।कार्यक्रम के दौरान अल्लाह तलाह से दुआ की गई कि प्रदेश में सदैव शांति, सौहार्द और तरक्की बनी रहे तथा सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आए।रोजा इफ्तार कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं मुस्लिम समाज के लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश गया।

### हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**चूरू** (निसं)। दिल्ली के उत्तम नगर में हुई तरुण खटीक की निर्मम हत्या को लेकर सोमवार को खटीक समाज संघर्ष समिति राजस्थान, अखिल भारतीय खटीक महासभा, विश्व हिंदू परिषद चूरू व सर्व समाज द्वारा घटना को लेकर पंखा सर्किल से आपणी योजना तक बाइक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और विधि परामर्शी पवन तंवर को कलेक्टर नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर उन्हें शीघ्र कठोर सजा दिलाई जाए। पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता व सरकारी सुरक्षा प्रदान की जाए। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष व त्वरित जांच कर परिजनों को न्याय दिलायी जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में सुनील खटीक, पंकज, नेमीचंद, बाबूलाल खटीक, धनेश खटीक, सुरेश सारस्वत, कपिल चंदेल, जुगल, अनिल, दिनेश, खटीक, गोपीराम शर्मा, मोहर सिंह, कुलदीप, अनुराग, सुमित, ओमप्रकाश, जयप्रकाश, सुरेंद्र, संदीप, पवन, लक्ष्मण, विष्णु चौहान, विनोद, पिंटू आर्य, अमित, कन्हैयालाल, हेमंत, विनोद कुमार, गोपाल चावला, सोनू गढ़वाल, लक्की सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### नए शैक्षिणक सत्र का शुभारंभ

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित वीपीएल कॅरिअर इंस्टीट्यूट में सोमवार को नए शैक्षिणक सत्र का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर संस्थान के फाउंडर इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन आपके जीवन का महत्वपूर्ण दिन है एवं आप लोगों ने डॉक्टर व इंजीनियर बनने का जो सपना देखा है। वो निश्चित रूप से पूरा होगा। ये कॉचिंग इंस्टीट्यूट सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि आपके सपनों की प्रयोगशाला है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करने तथा मजबूत कॉन्सेप्ट पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के को-फाउंडर इंजी. पीयूष ढूकिया ने विद्यार्थियों को नई सोच और आधुनिक तकनीक के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसी क्रम में सेंटर हैड डॉ. शिखा सहाय तथा एडमिन हेड जितेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सभी फैकल्टी मेंबर्स ने विद्यार्थियों को अपना परिचय देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अनुशासन तथा नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### ईद महोत्सव पर मेले का शुभारंभ

**चूरू** (निसं)। पुलिस लाइन मैदान में केंद्रीय विद्यालय के सामने रविवार को मारवाड हैंडिक्राफ्ट की ओर से ईद महोत्सव मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी जय यादव व मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एमएम पुकार ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने मेले में लगी स्टॉल्स का अवलोकन किया। पहले ही दिन बडी संख्या में शहर के लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेला संचालक बलदेव सैनी ने बताया कि शहरवासियों को एक ही छत के नीचे मनपसंद उत्पाद वाजिब रेट पर उपलब्ध होंगे। इसके अलावा बच्चों के लिए तरह-तरह के झूले, वुडन आइटम, सौंदर्य प्रसाधन, गिफ्ट आइटम, खाद्य उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट उत्पाद, गारमेंट, हैंडलूम, आर्टिफिशियल ज्वैलरी और प्लास्टिक के उत्पाद मिलेंगे। इस अवसर पर सदर थानाधिकारी स्वाति (डीएसपी), मनोज शर्मा, डॉ. नदीम खान, शंकर लाल सैनी, पवन यादव, पप्पू गुर्जर, कैलाश सैनी, नौरंग खोथ आदि मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक वशिष्ठ ने किए सालासर बालाजी के दर्शन

**सीकर,** (निसं)। भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ ने सोमवार को सालासर पहुँचे। यहां वशिष्ठ ने श्री बालाजी महाराज की पूजा अर्चना करते हुए राज्य में खुशहाली की कामना की। उन्होंने अप्रैल माह में होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में विजयश्री प्राप्त करने के लिए भी प्रार्थना की। प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ के साथ जयपुर संभाग मीडिया संयोजक प्रकाश दाधीच सहित कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सीकर में प्रमोद वशिष्ठ का जयपुर संभाग मीडिया प्रभारी प्रकाश दाधीच, मीडिया जिला सह प्रभारी नरेश सैन ने स्वागत किया।

### राजस्थान युवा शक्ति दिवस 17 मार्च को

**सीकर,** (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने बताया कि राजस्थान दिवस कार्यक्रमों की कड़ी में राज्य स्तरीय राजस्थान युवा शक्ति दिवस 2026 का आयोजन 17 मार्च 2026 को जयपुर में होगा। इसका सीधा प्रसारण प्रातः 11 बजे से जिला परिषद सभागार सीकर व डीओआईटी के वीडियों कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जायेगा। इस दौरान वर्तमान सरकार के कार्यकाल में नव चयनित कार्मिक मौजूद रहेंगे।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के निकटवर्ती गाँव ढाणी छतुसिंह निवासी स्वर्गीय योगेंद्रसिंह राठौड़ की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पिता प्रतापसिंह राठौड़ के सौजन्य से कस्बे के एम.के. मल्टीस्पेशलिस्ट क्लिनिक में 18 मार्च बुधवार को सुबह 8 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिँह राठौड़ ने सभी से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की है।

# पेयजल समस्या को लेकर विधायक बुड़ानिया धरने पर बैठे

**तारानगर** (निसं)। तारानगर विधानसभा के गाँव व शहरी क्षेत्रो में बिगडी पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने व नहर बंदी के दौरान पेयजल सप्लाई की पुख्ता व्यवस्था करने की मांग को लेकर स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अधिशाषी अधिकारी राजेश जांगिड़ को ज्ञापन दिया।

इससे पहले कार्यकर्ताओं ने जलदाय विभाग के आगे प्रदेश सरकार व जलदाय विभाग के खिलाफ धरना दिया एवं नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन में लिखा कि पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था बहुत खराब चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र में कई जगह 7-7 दिनों के अन्तराल में व अन्तिम क्षोर के गांवों में बिल्कुल ही पानी नहीं पहुंच रहा है। शहरी क्षेत्र में भी दो दिन के अन्तराल में पेयजल सप्लाई दी जा रही है। पूरे क्षेत्र में पेयजल की किल्लत है। पानी के लिए जनता में त्राही त्राही मची हुई है। 20 मार्च से 2 महीने के लिए नहरबंदी हो रही है। अगर नहरबंदी से पूर्व पानी का भंडारण नहीं हुआ तो पूरे क्षेत्र में हालात बिगड जायेंगे।



कांग्रेसियों ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

आमजन व आवारा पशु, जीव-जन्तु पानी की कमी से प्यासे मर रहें हैं। स्थिति बहुत भयाभव हो गयी है, पूरे क्षेत्र में टैंकर माफिया पनप गये है। आम गरीब व्यक्ति 1000-1500 रू. देकर टैंकरों से पानी खरीद रहे है।

टैंकरों के पास पानी कहां से आता है, अगर टैंकरों को दिया जाने वाला पानी पाईप लाईन से दिया जावे तो आम व्यक्ति को सस्ते में पानी उपलब्ध हो सकता है। विधायक बुडानिया ने विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिन में अगर हमारे मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया तो कांग्रेस द्वारा एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस मौके पर संजय कस्वां, विमला कालवा, हरिसिंह बेनिवल, उमाशंकर शर्मा, मदन पांड्या, वेदप्रकाश सहारण, मोहरसिँह ज्याणी, भागीरथ भामी, दौलत मेघवाल, भंवरू खां, सहदेव भाटी, मुंशी खां, किस्तूर फौजी, मोहर सिँह धाणक, कृष्ण सहारण, सुरेन्द्र सहारण, कुंदन सैनी, दिनेश खंडेलवाल, राकेश शर्मा, राजवीर पूनियाँ, जयसिंह कुकणा, विकास धेतरवाल, रामनिवास, रामस्वरूप झाझडिया, पप्पू गोस्वामी, अदरीश सैय्यद, हनुमानसिँह, शीशपाल धीनवाल, सरीफ लुहार, आसिफ, गोविन्द थालोड़, प्रकाश खैरवा, योगेश वर्मा, सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उपखंड अधिकारी ने राजलदेसर अस्पताल का निरीक्षण किया

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में सोमवार को रतनगढ़ उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने राजलदेसर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां भर्ती, ओपीडी वार्ड, लैब, एक्सरे रूम, निःशुल्क दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही उपस्थित मरीजों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उपखंड अधिकारी ने कहा कि जिला कलेक्टर के आदेश पर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया है उन्होंने कहा कि साफ सफाई एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा गया लेकिन वहां पर सभी तरह से व्यवस्था सुव्यवस्थित पाई गई। सरकार की योजना का मरीजों को लाभ दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए है कि मरीजों से सौहाद्रपूर्ण व्यवहार किया जाए । भाजपा पूर्व मंडल महामंत्री मदन दाधीच ने आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए अस्पताल में जल भराव की समस्या के बारे में अवगत करवाया साथ डॉक्टर व नर्सिंग रूम जो





उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने राजलदेसर अस्पताल के ओपीडी वार्ड, लैब, एक्सरे रूम, दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया।

जर्जर अवस्था में है उनका नवनिर्माण के लिए उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने की बात कही जिस पर एसडीएम ने कहा जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर कपिल धाबाई, पवन झेड़ू, राजेंद्र, चेनरूप, कैलाश राजपुरोहित सहित अन्य चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहे।

### होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय पोस्टल पेंशनर्स संघ राजस्थान की झुंझुनू इकाई का होली स्नेह मिलन समारोह पेंशन समाज क्लायण भवन मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर कुमावत थे। विशिष्ट अतिथि साधुराम सैनी, संतोष शर्मा, पीडी रैगर, भोलाराम गुर्जर, ओमप्रकाश शर्मा एवं श्यामलाल कौशिक थे। प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सभी ने रिटायर्ड डाक कर्मचारियों की समस्याओ पर चर्चा की एवं आठवें वेतन आयोग के समक्ष अपनी मांगों का एक मांग पत्र तैयार कर सरकार के सामने रखने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में 80 वर्ष एवं 70 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग के साधुराम सैनी, बजरंगलाल सोनी, ओमप्रकाश शर्मा, ओंकारमल शर्मा का प्रतीक चिह्न देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सुभाषचंद्र कालेर, सूरजभान चेजारा, ओमप्रकाश शर्मा, सुरेंद्र सोयल, ओंकारमल शर्मा, जेपी मीणा आदि उपस्थित थे।

# 'सम्पर्क पोर्टल पर दस दिवस से अधिक प्रकरण लम्बित नहीं रहें, तत्काल निस्तारण करें'

■ **जिला अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई**

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, बिजली-पानी की व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

जिला कलेक्टर शर्मा ने सम्पर्क पोर्टल पर परिवेदनाओं के निस्तारण से पूर्व निस्तारण के साक्ष्य एवं विभागीय नियमानुसार ही पोर्टल पर परिवेदनाओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवेदना किसी अन्य विभाग से सम्बन्धित होने की पुष्टि होने पर ही परिवेदनाओं का हस्तान्तरण किया जावें। बार-बार एक ही परिवेदनाओं को एक दूसरे विभाग में हस्तान्तरण नहीं किया जावें।

उन्होंने कहा कि परिवेदना अगर किसी अन्य विभाग से सम्बन्धित होने के स्थिति में 01 या 02 दिवस में हस्तान्तरण की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करावें। अनावश्यक रूप से अपने स्तर पर लम्बित नहीं रखी जावें। परिवेदना में विभागीय नार्म्स के अनुसार कार्यवाही सम्भव नहीं होने की स्थिति में विभागीय नियमों का हवाला देते हुए परिवादी को सूचित कराते हुए निरस्त कराना सुनिश्चित करावें।

जिला कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय एवं शासन सचिव स्तर से विभागीय परिवेदनाओं का सत्यापन एवं उत्तरदायित्व निर्धारण किया जा रहा है। पोर्टल पर लम्बित परिवेदनाओं को गम्भीरता से लेकर विभागीय नार्म्स के अनुसार 10 दिवस में निस्तारण कराना सुनिश्चित करावें।

उन्होंने निर्देश दिये कि सम्पर्क पोर्टल पर परिवेदनाओं के निस्तारण के दौरान निस्तारण के साक्ष्य के दस्तावेज, फोटोज अपलोड करावें जिससे सन्तुष्टीस्तर में वृद्धि हो सके। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रकरणों को विशेष ध्यान देकर नियमानुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि इसमें किसी भी अधिकारी द्वारा अनदेखी या निर्देशों की पालना नहीं करने पर गम्भीरता से लिया जाएगा एवं सबंधित अधिकारी के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये सम्बन्धित अधिकारी व्यक्तिशः उत्तरदायी होंगें।

जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर रोड़वेज एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सभी विभागों के अधिकारियों से अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को नियमित बनाए रखने तथा संभावित जल संकट वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

# महिलाओं ने गणगौर उत्सव में लोक संस्कृति को साकार किया

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित नगर श्री सभागार में छः न्याति ब्राह्मण महासंघ जिला महिला श्री मांडी गणगौर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समसा एडीपीसी सरिता आत्रेय थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला इकाई अध्यक्ष दीपिका शर्मा ने की।

वहीं विशिष्ट अतिथि रजनी सहल व वीणा गौड थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणगौर माता का पूजन कर किया गया। रंग-बिरंगे परिधानो में सजी-धजी युवतियों व महिलाओं ने लोक गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर विजयलक्ष्मी त्रिवेदी, सुषमा शर्मा, विमला शर्मा, निर्मला जोशी, विद्या बाघ, शशि चंदेल, पुष्पा तंवर, अचला शर्मा ने गायन की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। इसी क्रम में रेखा शर्मा, निशा शर्मा, कृतिका शर्मा, विनिता शर्मा, उषा सैनी, विजयश्री व पूजा ने एक से बढ़कर एक नृत्य की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



जिला मुख्यालय स्थित नगर श्री सभागार में छः न्याति ब्राह्मण महासंघ जिला महिला श्री मांडी गणगौर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एडीपीसी सरिता आत्रेय ने कहा कि हिन्दू संस्कृति को जीवित रखने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम जरूरी है।

इस अवसर पर दीपिका शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा व सौहार्द का भाव पैदा होता है। इससे पूर्व महिला ईकाई सदस्य चंदा बंशिया, नीरू शर्मा, प्रीति दाधीच, सरिता इंदोरिया, विमला जोशी, ममता शर्मा, नेहा, मोनिका शर्मा, शशी चोटिया व इशिता शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। विदेशी पर्यटकों ने भी कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में हारमोनियम पर विजयलक्ष्मी व ढ़ोलक पर लीलाधर कथक ने संगत दी। कार्यक्रम का संचालन आनंद बाला दुबे ने किया।

## सार-समाचार

### दुर्दशा का शिकार मटारिया मार्ग

**नोहर,** (निसं)। कांग्रेस सरकार में अपेक्षित रहा यहां का रामचंद्र मटोरिया मार्ग अब भाजपा राज में भी उपेक्षा का शिकार है। आलम यह है की इस मार्ग के सौंदर्यकरण को लेकर लाखों रुपए का बजट भी पारित हो चुका है, फिर भी ठेकेदार की मनमर्जी के आगे सौंदर्यकरण का काम कछुआ गति से चल रहा है। यही नहीं, काम के साथ-साथ डिवाइडर पर लगे पत्थर भी गिरने शुरू हो गए हैं। जिससे काम की गुणवत्ता का अंदाजा स्वत ही लगाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया के पिता स्वर्गीय रामचंद्र मटोरिया की स्मृति में बिहानी चौक से बिजली विभाग तक उक्त मार्ग का निर्माण करवाया गया था, लेकिन सरकार बदलते ही बीते 5 सालों में कांग्रेस शासन के कार्यकाल में उक्त मार्ग की कोई शुद्ध नहीं ली गई। जिस कारण यह दुर्दशा का शिकार बना रहा। अब जैसे ही भाजपा शासन में आई, उसके बाद से इस मार्ग की सुध ली जाने लगी है। मार्ग के सौंदर्यीकरण को लेकर भी नगर पालिका की ओर से लाखों रुपए का बजट पारित किया जा चुका है, लेकिन अब ठेकेदार की मनमर्जी के कारण सौंदर्यकरण का काम बेहद धीमी गति से चला रहा है, जिस कारण नगर पालिका के मंशा के रूप यहां कार्य नहीं हो पा रहा है। वहीं इस मार्ग के डिवाइडर पर लगे लाल पत्थर भी जगह-जगह से गिरने शुरू हो गए हैं। यही नहीं, आधी अधूरी लोहे की जालियां ही लगाई गई है। इसको देखते हुए नगर पालिका ने संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जारी किया है। इस संबंध में ईओ बसंत सैनी ने बताया की शिकायत मिलने के बाद नगर पालिका की टीम ने उक्त मार्ग का निरीक्षण किया था, जिसमें कई अनियमिताएं पाई गई है। इसको देखते हुए नगर पालिका ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। अगर तय समय सीमा में काम पूरा नहीं होता है तो ठेकेदार के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### कैम्पर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार चार घायल

**पाटन** (निसं)। कस्बे के निकट ग्राम मोहनपुरा खरकडा के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में ई-रिक्शा में सवार चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कैम्पर वाहन ने मजदूरों से भरे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार घायल सभी मजदूर शेरावाली क्रेशर पर काम करते हैं और रामपुर की ओर से ई-रिक्शा में सवार होकर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कैम्पर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को पाटन के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत नाजुक होने पर उन्हें नीमकाथाना अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि एक घायल की स्थिति बेहद गंभीर बताई जा रही है।घायलों की पहचान ई-रिक्शा चालक मुकेश मेहरा पुत्र नाथूराम निवासी पाटन तथा अकबर राजा पुत्र अशलील राजा, गल्फ राज पुत्र मंसूर सहित अन्य के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये मजदूर मूल रूप से बिहार के कटिहार जिले के निवासी हैं।हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

### ओडीओपी प्रदर्शनी का शुभारंभ

**हनुमानगढ़,** (निसं)। राजस्थान दिवस 2026 के अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र में 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव द्वारा किया गया। इस दौरान आरएएमपी के तहत प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने अपने प्रशिक्षण से जुड़े अनुभव जिला कलेक्टर के साथ साझा किए। कलेक्टर ने महिलाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आवेदन कर अपने उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित यह ओडीओपी प्रदर्शनी 15 मार्च से 19 मार्च 2026 तक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र परिसर में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य जिले के स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना और उन्हें व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन सोमवार को ओडीओपी एवं स्थानीय इकाइयों के प्रतिनिधियों, पेंशनर्स व वरिष्ठ नागरिकों तथा श्रीदेवी महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती आकाशदीप सिद्धू ने उपस्थित पेंशनर्स, छात्राओं और आमजन को विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराया।

### पाटन में गणगौर महोत्सव की धूम

**पाटन** (निसं)। क्षेत्र में मनाए जा रहे गणगौर महोत्सव के तहत महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक उत्साह के साथ सामूहिक पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। विभिन्न परिवारों की ओर से लाई गई गणगौर माता की प्रतिमाओं का विधि-विधान से पूजन और आरती की गई। इस अवसर पर महिलाओं एवं युवतियों ने मंगल गीत गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए दोपहर में गणगौर माता को पानी पिलाने और जीमाने की रस्म निभाई गई। इसके बाद घुडला घुमाने और विंदोरी निकालने की परंपरा भी उत्साहपूर्वक पूरी की गई। महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीतों पर सामूहिक नृत्य कर आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया।इस मौके पर साक्षी सैनी, अनू सैनी, पूजा सैनी, पायल सैनी, सानिया सैनी, खुशी सैनी, देविका सैनी, भाविका सैनी, गुन्नू सैनी, शिवानी सैनी सहित अनेक महिलाएं और युवतियां मौजूद रहीं। आयोजन में सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया।

### राजगढ में अधिशासी अधिकारी भरत हरितवाल ने पदभार किया ग्रहण

**सादुलपुर,** (निसं)। नगरपालिका राजगढ में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के तबादले के बाद सोमवार को नए अधिशाषी अधिकारी ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया है। निदेशक स्वायत शासन विभाग राजस्थान के आदेश की पालना में नगरपालिका में अधिशाषी अधिकारी भरत हरितवाल ने पदभार ग्रहण किया। शाम पांच बजे मिली जानकारी में इस अवसर पर पदभार ग्रहण के समय भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा नेता सुरेंद्र नायक, जोगेन्द्र शर्मा व पालिका कार्मिक उपस्थित रहे। वहीं नवपदस्थापित अधिशाषी अधिकारी भरत हरितवाल ने बताया कि सभी को साथ लेकर शहर का चहुमुखी विकास करेंगे एवं हर वर्ग के हितार्थ के कार्यों को निष्ठापूर्वक पूर्ण करने के आदेश सभी कार्मिकों को दिए।

### अभियान के पोस्टर का विमोचन

**सीकर** (निसं)। सीकर जिले में बाल संरक्षण के क्षेत्र में आयोजित त्रैमासिक समीक्षा बैठक के दौरान जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस एवं गायत्री सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा द्वारा किया गया। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक में कहा कि बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और आमजन के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने और जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा बाल विवाह रोकथाम, बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित प्रयासों की समीक्षा की गई।

**नाम परिवर्तन**

मै विध्या देवी (VIDHYADEVI) नं. 15617705M, हवलदार जयवीर सिंह की माँ हूँ, गांव-पोस्ट पहाड़सर, तह. राजगढ, जिला चूरू (राज.)- की निवासी हूँ। मेरे दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही नाम विध्या देवी (VIDHYADEVI) है, लेकिन मेरे पुत्र जयवीर सिंह के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम विध्या देवी (VIDYADEVI) दर्ज हो गया जो गलत है। जिसे दुरुस्त किया जाना न्यायोचित है। भविष्य में मुझे विध्या देवी (VIDHYADEVI) के नाम से ही जाना पहचाना जावे। शपथग्रहिता- विध्या देवी

**बेदखली सूचना** मनके इबराहिम उम्र 73 साल पुत्र बुधा जाति सिक्का निवासी वार्ड नं. 28 कुबा मस्जिद के पास राजगढ़ तहसील राजगढ जिला चूरू का स्थाई निवासी हूँ, जो निचे लिखे तथ्य शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि :- यह कि मेरा पुत्र साबूद्दिन उम्र 38 साल व पुत्रवधू प्रविन पत्नी साबूद्दिन जो मेरे कहने में नहीं चलते है, और मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन झगड़ा करते रहते है। यह कि आज दिनांक 16.03.2026 के वाद मेरे पुत्र साबूद्दिन व पुत्रवधू प्रविन पत्नी साबूद्दिन के साथ मेरा व मेरे पुत्र सफि मोहम्मद व मुमताज का कोई भी किसी तरह का लेन देन नहीं रहा है। आज दिनांक 16.03.2026 से मैं मेरे पुत्र साबूद्दिन व पुत्रवधू प्रविन पत्नी साबूद्दिन को हमारी चल व अचल सम्पती से बेदखल करता हूँ। यह कि मेरा पुत्र व पुत्रवधू अगर भविष्य में हमारे व हमारे परिवार के नाम से किसी भी प्रकार का किसी के साथ कोई लेन देन करते है, या अन्य किसी प्रकार का अनैतीक कार्य करते है तो उसके जिम्मेवार वह स्वंय होगें, इसके लिए हम व हमारे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेवार नहीं होगा।

शपथग्रहिता - इबराहिम